कार्यालय वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल, रतलाम

सागोद रोड़, रतलाम (म.प्र.)

टैलीफैक्स नं. (07412) 270418 E-mail Address - dfotrtlam@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2020/477 रतलाम, दिनांक : 10–02–2020

प्रति,

कलेक्टर,
जिला, रतलाम

विषय :– रतलाम–बाजना–कुशलगढ़ मार्ग निर्माण हेतु ग्राम देहरी तहसील जावरा शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 69 रकबा 3.376 हे. हस्तांतरण आदेश बाबत्।

सन्दर्भ :– आपका आदेश पृष्ठांकन पत्र क्रमांक/4834/रीडर/2019 दिनांक 24–12–2019

–XXX–

उपरोक्त विषयांकित प्रकरण क्रमांक 41/अ–20(3)2019–20 से रतलाम–बाजना–कुशलगढ़ मार्ग निर्माण हेतु ग्राम देहरी तहसील जावरा शासकीय भूमि सर्वे क्र. 69 रकबा 8.460 हे. से 3.376 हे. भूमि इस विभाग को हस्तांतरित की गई है। उक्त भूमि को आबंटन के पूर्व में इस विभाग को मौका निरीक्षण नही कराया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि पर अतिक्रमण पाया जाकर फसल खड़ी है। एवं कैम्पा निधी के वृक्षारोपण अफसल होने पर संबंधित बीटगार्ड से वसूली करने का प्रावधान है।

म.प्र. शासन वन विभाग के परिपत्र क्रमांक/एफ–45/36/2005/10–3 दिनांक 26 अक्टूबर 2005 का पत्र आपको संबोधित है, निर्देशानुसार गैर वनभूमि आबंटन के पूर्व अधोहस्ताक्षकर्ता को भूमि का निरीक्षण कराकर पैरा 1 में उल्लेखित मापदण्डों की पुष्टि करेगें, उक्त भूमि उपर्युक्त पाये जाने पर ही आबंटन की कार्यवाही की जावे।

अतः उक्त आबंटित गैर वनभूमि उपरोक्त मापदण्डों के अनुरूप नही पाई गई है। कृपया आदेश निरस्त करने का कष्ट करें तथा नवीन भूमि आबंटन के पूर्व इस कार्यालय का अभिमत लिया जाना उचित होगा।

संलग्न :– म.प्र. शासन का पत्र दिनांक 26–10–2005 एवं पंचनामा

वनमण्डलाधिकारी
रतलाम

क्रमांक/मा.चि./2019/478 रतलाम, दिनांक : 10–02–2019

प्रतिलिपि :–

01 अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल की सूचनार्थ संप्रेषित।
02 आयुक्त उज्जैन संभाग उज्जैन की ओर सूचनार्थ।
03 मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक उज्जैन वृत्त, उज्जैन की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
04 अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उप संभाग सैलाना की ओर सूचनार्थ।
05 तहसीलदार तहसील, जावरा की ओर सूचनार्थ।

वनमण्डलाधिकारी
रतलाम